तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 18 मई 2026

जिले में पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि के खिलाफ ... 11


सुहागिनों ने बरगद की पूजा कर मांगी पति की दीर्घायु 12




# शराब दुकान में ओवर रेटिंग और मारपीट का आरोप, ग्रामीणों ने घेरा थाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के लाहोद स्थित शासकीय शराब दुकान में अव्यवस्था, ओवर रेटिंग और कर्मचारियों की कथित गुंडागर्दी को लेकर मामला तूल पकड़ता जा रहा है। लगातार मिल रही शिकायतों के बीच बीते दिनों हुई मारपीट की घटना ने पूरे गांव में आक्रोश फैला दिया, जिसके बाद रविवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने लवन थाना का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के अनुसार, शराब दुकान में लंबे समय से तय मूल्य से अधिक दर पर शराब बेची जा रही है। विरोध करने पर ग्राहकों के साथ गाली-गलौज और दुर्व्यवहार आम बात हो गई है। सरपंच किशोर कुमार साहू ने बताया कि 26 नवंबर 2025 से दुकान संचालन शुरू होने के बाद से ही इस प्रकार की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, जिसकी लिखित सूचना कई बार थाना और आबकारी विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। घटना के संबंध में बताया गया कि दो - तीन दिन पूर्व गांव के दो युवक शराब खरीदने दुकान पहुंचे, जहां उनसे प्रति बोतल अतिरिक्त 10 रुपये की मांग की गई। इस बात का विरोध करने पर कर्मचारियों ने पहले युवकों के साथ अभद्र भाषा में गाली-गलौज की और फिर ▶▶ शेष पेज 11 पर

## 200 से अधिक ग्रामीणों ने किया लवन थाना का घेराव, एफआईआर रद्द करने की मांग



### पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, उल्टे ग्रामीणों पर केस दर्ज

घटना के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने निष्पक्ष कार्रवाई के बजाय पक्षपात करते हुए उल्टे ग्रामीणों के खिलाफ ही प्रकरण दर्ज कर लिया। इससे नाराज होकर रविवार को करीब 200 से अधिक महिला-पुरुष और जनप्रतिनिधि लवन थाना पहुंचे और घेराव कर विरोध जताया।ग्रामीणों ने मांग की है कि लाहोद की शराब दुकान को आगामी सत्र से हटाया जाए और निर्देश ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### बिलाईगढ़ में राजस्व शिविर आज

**बिलाईगढ़।** राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत जिले में 18 मई को राजस्व शिविर बरमकेला तहसील के ग्राम कनकीडीपा, परधियापाली, आमाकोनी बड़े, सरिया तहसील के ग्राम बरपाली, नदीगांव, सुरसी, पोरथ, बिलाईगढ़ नगर पंचायत और कोसीर उप तहसील के ग्राम चांटीपाली में किया जायेगा, जहां राजस्व कार्य जैसे सीमांकन, अविवादित नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका आदि का निराकरण होगा।

### चोरी का माल खरीदने वाला कबाड़ी गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा थाने की पुलिस ने निर्माणाधीन मकान के चोरी के समान खरीदने के आरोप में एक कबाड़ी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 82 हजार रुपए कीमत की चोरी का सामान जब्त की है। रविकांत वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का माल खरीदने के आरोप में गणेश उर्फ आसिफ खान को गिरफ्तार किया है। कबाड़ी की निशानदेही पर पुलिस ने निर्माणाधीन मकान में चोरी करने के आरोप में दो नाबालिगों को भी पकड़ा है।

### पेट्रोल पंप में पुलिस हेल्पलाइन नंबर

**रायपुर।** पेट्रोल पंप संचालकों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने



हेतु प्रमुख एवं दृष्टिगोचर स्थानों पर इमरजेंसी कॉन्टैक्ट नंबर चस्पा किए जा रहे हैं। उक्त पोस्टरों में पुलिस कंट्रोल रूम, संबंधित स्थानीय थाना प्रभारी, डॉयल-112 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर अंकित किए गए हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा आपराधिक घटना की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दी जा सके। साथ ही पेट्रोल पंप संचालकों एवं कर्मचारियों को रात्रिकालीन सतर्कता, संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने, सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने तथा नकदी के सुरक्षित प्रबंधन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं।

**आक्रोश :** केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता परेशान

# कांग्रेस ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर रविवार को कांग्रेसियों ने एक पेट्रोल पंप के समीप हल्ला बोलते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने कहा कि देश में जब से भाजपा सरकार आईं, नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने है,तब से लेकर आज तक महंगाई ने अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले।

`ट्रोल-डीजल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के खिलाफ ब्लाक कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर नगर में भी कांग्रेसियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने कहा कि देश में जब से भाजपा सरकार आईं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं, तब से लेकर आज तक देश के हर वर्ग, हर व्यापारियों, देश की महिलाओं, किसानों पर सिर्फ महंगाई की ही मार मिली है। पेट्रोल- डीजल की कीमतें बढ़ने से सिर्फ वाहन मालिकों पर ही भार नहीं पड़ता, बल्कि इसका सीधा असर प्रत्येक वर्ग के लोगों को महंगाई के रूप में देखने को मिला है। विधायक साव ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थ की कीमतों के चलते, गुड्स वाहनों के किराए बढ़ जाते हैं। फिर उनके किराए बढ़ने से आने गुड्स की कीमत व्यापारी बढ़ा देते है। आम जनता को बढ़ी हुई कीमतों पर समान खरीदने मजबूर होना पड़ता है।जिसका सीधा असर लोगों की ▶▶ शेष पेज 11 पर

## 2014 से लेकर आज तक सिर्फ महंगाई बढ़ाने का काम है केंद्र सरकार ने : विधायक इंद्र



### राज्यपाल के नाम पर बढ़ी कीमतों को वापस लेने दिया ज्ञापन

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ने कहा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केन्द्र की भाजपा सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश में पेट्रोल, डीजल के संकट व बढ़ते मूल्यों को वापस लिये जाने की मांग को लेकर हाथों में बैनर पोस्टर लेकर केंद्र सरकार के विरोध में कांग्रेस जनों ने जमकर नारे लगाए तथा विरोध प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया गया।

### बंगोली में पेट्रोल-डीजल संकट गहराया

**बंगोली ।** नगर में पेट्रोल व डीजल संकट गहरा गया है, लोग परेशान हो रहे हैं। नगर के तिवारी फ्यूल्स, जीडी फ्यूल और एक में अचानक से खत्म होने का बोर्ड लगा दिया गया है। तीनों टंकी में एक साथ पेट्रोल डीजल खत्म हो गया या फिर बंद होने से लोग को परेशानी हो रही है। तेल की कीमत में वृद्धि हुई हैं तो लोग भरवा सकते हैं। इसके अलावा पेट्रोल पंप में चेहरा देखकर व पहचान वालों को चुपके से डीजल, पेट्रोल दिया जा रहा। वहीं जीडी फ्यूल्स मे कम मात्रा मे पेट्रोल डीजल दे रहे हैं जिससे आम लोगों को कुछ राहत है । गौरतलब है कि यहॉ तीनों ऑयल टंकी मे पर्याप्त तेल है परंतु इन लोग जमाखोरी व मुनाफाखोरी के फेर में तेल देना बंद कर दिया । पेट्रोल व डीजल मे तीन तीन रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है । राजधानी रायपुर मे 103.58 रुपए पर लीटर पेट्रोल मिल रहा है। वहीं डीजल की कीमत 96.57 रुपये है । पेट्रोल डीजल की जमाखोरी कर रहे इन तीनों पेट्रोल टंकी पर रायपुर कलेक्टर द्वारा उचित व सख्त कार्रवाई करने की मांग ऑयल उपभोक्ताओं ने की है ।



# कत्लखाने ले जाए जा रहे 5 मवेशी जब्त, पिकअप सहित दो आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिमगा खण्ड के गौ सेवा अध्यक्ष गगन तिवारी को शुक्रवार की रात्रि 3 बजें में मुखबिर से सूचना मिली कि दामाखेड़ा के सर्विस रोड चौरेंगा तिराहा में एक सफेद रंग के पीकअप वाहन क्रमांक एम एच 35 -एजे 3679 में कृषक पशुओं को भरकर दो व्यक्ति ले जा रहे हैं । सूचना पर गगन तिवारी अपने साथी वेदप्रकाश भारद्वाज जस्सू साहू एवं राहुल यादव के साथ घटना स्थल दामाखेड़ा के सर्विस रोड चौरेंगा तिराहा में पहुंचकर उन दोनों व्यक्तियों से पूछताछ किया। जहां वाहन चालक ने अपना नाम शिवदयाल लिलहरे पिता बुधराम लिलहरे उम्र 38 वर्ष एवं देवा धुर्वे पिता नसीब लाल धुर्वे उम्र 46 वर्ष निवासी थाना लांजी बगदई जिला बालाघाट का रहने वाला बताया पहले तो उन लोगों ने कृषि हेतु मवेशियों को ले जाने की बात कहते रहें व पशु खरीदी की पर्ची दिखाने लगे । तब जोर देने पर उन्होंने स्वीकार करते हुए बताया कि इन मवेशियों को धन अर्जन हेतु कत्लखाना ले जा रहे थे । पीकअप वाहन के डाला को चेक करने पर 5 नग कृषक पशुओं में 3 नग भैंस एवं 2 नग पड़िया को ठूंस ठूंसकर बिना चारा पानी के क्रुरता पूर्वक भरा हुआ था।

पुलिस ने प्रार्थी गगन तिवारी की रिपोर्ट पर आरोपी शिवदयाल लिलहरे एवं देवा धुर्वे के विरुद्ध धारा 4, 6, 10, 11 छग कृ .पशु परि अधिनियम 2004 के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया जहां न्यायाधीश ने आरोपियों को जेल भेज दिया । तथा अवैध रूप से पशु परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जप्त किया गया है । तथा मवेशियों को कृषकों को देने की प्रक्रिया की जा रही है।

# शराब बिक्री करते 1 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। प्राप्त सूचना के आधार पर थाना गिधौरी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम घटमडवा सबरिया डेरा में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले



बुधराम गोड उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम घटमडवा सबरिया डेरा थाना गिधौरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

शराब कोचिया से 8000 कीमत मूल्य का 40 लीटर अवैध हाथ भट्ठी कच्ची महुआ जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# मोहितराम को वर्षों बाद मिला पुश्तैनी जमीन पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला प्रशासन की त्वरित कार्यवाही से लोगों की राजस्व सम्बंधित समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान हो रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर एसडीएम व तहसीलदार बलौदाबाजार द्वारा शनिवार को मोहितराम वर्मा के ग्राम अर्जुनी में स्थित पुश्तैनी जमीन पर अतिक्रमण हटाकर कब्ज़ा दिलाया गया।

अपनी पुश्तैनी जमीन के कब्जे को लेकर पिछले कई वर्षो से संघर्षरत मोहित राम वर्मा को जब राजस्व अधिकारियों एवं अनावेदक की उपस्थित में शांति पूर्ण ढंग से कब्ज़ा दिलाया गया तो उसके चेहरे पर ख़ुशी के भाव झलक उठे। मोहित राम ने जिला प्रशासन की इस त्वरित कार्यवाही की भूरी भूरी प्रशांसा करते हुए कहा कि मेरी वर्षो पुरानी समस्या का अब समाधान हो गया हैं, इसके लिये शासन प्रशासन को धन्यवाद देता हूं।



एसडीएम बलौदाबाजार प्रकाश कोरी ने बताया कि शनिवार तहसील बलौदाबाजार के ग्राम अर्जुनी, पहन 10 में मौक़े पर तहसीलदार, नायाब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी, ग्राम कोटवार, आवेदक मोहितरल राम वर्मा, अनावेदकगण हीरालाल वर्मा एवं जवाहर वर्मा ▶▶ शेष पेज 11 पर

**बारिश ने खोली पीडब्लूडी की पोल : 79 लाख की स्वीकृति के बाद भी काम ठप**

# गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग गड्ढों में तब्दील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

गिधौरी क्षेत्र में दो दिनो की आंधी तूफान और झमाझम बारिश से जहां गिधौरी -शिवरीनारायण मार्ग की सड़क जगह-जगह गड्ढे हो गया है और गड्ढे पर लबालब पानी भर गया है ।और गिधौरी - शिवरीनारायण धार्मिक नगरी पहुंच मार्ग की सड़क पर बार-बार मरहम पट्टी लगाकर पीडब्ल्यूडी विभाग शिवरीनारायण द्वारा अपना खाना पूर्ति किया जाता है इस मार्ग में आये दिन बडे-बडे गड्ढे होकर पोखर में तब्दील हो जाते है पहली बारिश ने सड़क पर की गई औपचारिक मरहम पट्टी की पोल खोल दी। वर्तमान में जगह -जगह जानलेवा गड्ढे से सड़क हादसे का



प्रमुख कारण बना हुआ है। गिधौरी से शिवरीनारायण महानदी पुल तक लम्बाई 300 मीटर सीमेंट कॉंक्रीटीकरण निर्माण के लिए 79.44 लाख स्वीकृति के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है और फिर से बरसात लगने में मात्र एक माह करीब बचा है। शासन प्रशासन द्वारा 45 दिन का समय मांगा था परंतु ।तीन माह बीत गया लेकिन सड़क निर्माण का अता पता नही है पहली बारिश में इस मार्ग की हालत इस कदर है तो बरसात में क्या स्थिति होगी।

### रोजाना गुजरते हैं हजारों वाहन, मंत्रियों-नेताओं की भी अनदेखी

गिधौरी -शिवरीनारायण मार्ग की सड़क बुरी तरह से जर्जर हो चुकी है इस मार्ग पर चंद कदमों के भीतर दर्जनों बडे बडे गड्ढे से गंभीर हादसों का कारण बन रहा है । बावजूद इसके जिम्मेदारों को इसमें कोई फर्क नहीं पड रहा है गिधौरी से शिवरीनारायण मार्ग से होकर बिलासपुर, जांजगीर, चांपा, कोरबा,जाने के लिए मुख्य सड़क मार्ग एवं महानदी पुल है यहां से और रोजाना हजारों की संख्या से ज्यादा वाहनों का आना जाना तथा राहगीरों का भी आना जाना हमेशा लगा रहता है। परंतु गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग पर बडे बडे गड्ढे हो गये है और धार्मिक नगरी में हमेशा जनप्रतिनिधियों के साथ साथ मंत्रियों का आना जाना लगा रहता है ।लेकिन इस मार्ग की बेहाल सड़क की जर्जर दुर्दशा पर नजर नहीं पडती हैपीडब्ल्यूडी विभाग भी अनदेखा किया जा रहा है इस मार्ग की सड़क खराब होने की जानकारी होने के बावजूद निष्क्रियता बरती जा रही है।

# ज्ञान अर्जित करने का सुंदर अवसर हैं गर्मी की छुट्टियां : धीरेंद्र कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

गर्मी की छुट्टियां केवल स्कूल-कॉलेज की पढ़ाई से विश्राम का समय नहीं होतीं, बल्कि यह भारतीय परिवार व्यवस्था, पारिवारिक जुड़ाव और सांस्कृतिक मूल्यों को जीवंत करने का सबसे सुंदर अवसर भी होती हैं। परीक्षा समाप्त होते ही बच्चों का अपने नाना-नानी, दादा-दादी, मामा-मौसी और रिश्तेदारों के घर पहुंचना हमारी संस्कृति की वह अनमोल परंपरा है, जो पीढ़ियों से रिश्तों को मजबूती प्रदान करती आ रही है। खरोरा निवासी शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि आधुनिक दौर में जहां युवा वर्ग मोबाइल और डिजिटल दुनिया में अधिक व्यस्त होता जा रहा है, वहीं पारिवारिक परंपराओं से दूरी बढ़ना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए पढ़ाई जितनी आवश्यक है, उतना ही जरूरी छुट्टियों का आनंद, पारिवारिक मेलजोल, खेलकूद और व्यवहारिक ज्ञान भी है। नाना-नानी के घर बिताया गया समय बच्चों को संस्कार, अपनापन, सहयोग, पारिवारिक जिम्मेदारी और सामाजिक व्यवहार सिखाता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उनके घर भी कई रिश्तेदारों के बच्चे छुट्टियां मनाने पहुंचे हुए हैं, जहां सभी बच्चे आपस में हंसी-खुशी, खेलकूद और मस्ती के साथ समय बिता रहे हैं। इस दौरान वे शिक्षक होने के नाते बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा, ज्ञानवर्धक गतिविधियों और प्रेरणादायक बातों के माध्यम से पढ़ाई के प्रति भी जागरूक करते रहते हैं, ताकि ▶▶ शेष पेज 11 पर



# महंगाई और पेट्रोल-डीजल संकट पर कांग्रेस का 12 ब्लॉकों में विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे देश में पेट्रोल डीजल की कमी से उत्पन्न असमंजस और अराजकता की स्थिति, आम जनता को हो रही शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों तथा वैकल्पिक व्यवस्था करने में केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की विष्णुदेव साय सरकार की विफलता के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में रायपुर शहर के अंतर्गत आने वाले 12 ब्लॉकों में पेट्रोल पंपों एवं प्रमुख चौराहों पर प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतिगत असफलताओं एवं लापरवाही के कारण आज आम जनता पेट्रोल डीजल के लिए घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर है। परिवहन व्यवस्था प्रभावित हो रही है, व्यापार एवं दैनिक कार्य बाधित हो रहे हैं और आम नागरिकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, सरकार को समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करनी थी, लेकिन पूरी तरह विफल साबित हुई है। सरकार की अदूरदर्शिता और प्रशासनिक अक्षमता के कारण जनता भय और असुविधा के माहौल में जीने को मजबूर है।

## सरकार की अदूरदर्शिता से जनता भय के माहौल में जीने को मजबूर : मेनन

### इन जगहों पर हुए प्रदर्शन

यह प्रदर्शन शहीद भगत सिंह ब्लॉक द्वारा आमानाका ओवर ब्रिज, डॉ. खूबचंद बघेल ब्लॉक द्वारा कुशालपुर ओवर ब्रिज, संत कबीर दास ब्लॉक द्वारा मोवा थाना के पास, पंडित जवाहरलाल नेहरू ब्लॉक द्वारा तेलीबांधा पेट्रोल पंप, वीरांगना अवंती बाई ब्लॉक द्वारा फाफाडीह चौक, गुरु घासीदास ब्लॉक द्वारा शंकर नगर चौक, सरदार वल्लभभाई पटेल ब्लॉक द्वारा रामनगर पेट्रोल पंप, नेताजी कन्हैयालाल बाजारी ब्लॉक द्वारा गुढ़ियारी, संत माता कर्मा ब्लॉक द्वारा रिंग रोड उद्योग भवन, शहीद पंकज विक्रम ब्लॉक द्वारा पुलिस लाइन पेट्रोल पंप, लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित ब्लॉक द्वारा कालीबाड़ी तथा महंत लक्ष्मी नारायण दास ब्लॉक द्वारा वीरभद्र नगर पेट्रोल पंप के सामने किया गया।



### कांग्रेस का आज से 4 दिवसीय प्रदर्शन

पेट्रोल, डीजल, खाद्य सामाग्री आवश्यक वस्तुओं की बढ़ी कीमतों तथा महंगाई के विरोध में कांग्रेस चार दिवसीय आंदोलन करने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश के समस्त जिला एवं ब्लाक मुख्यालयों में धरना, प्रदर्शन एवं आंदोलन किये जाने का निर्णय लिया है। इसके तहत 17 मई को पेट्रोल पम्पों के सामने प्रदर्शन, जनता से चर्चा कर सोशल मीडिया में वीडियो अपलोड करें। 18 मई किराना बाजारों में प्रदर्शन होगा। 19 मई सराफा व्यवसाय ठप्प होने व सोने-चांदी के व्यापारियों, कारीगरों एवं कर्मचारियों के रोजी-रोटी की संकट के विरोध में सराफा बाजारों में प्रदर्शन होगा। 20 मई को सोशल मीडिया पर महंगाई एवं आवश्यक वस्तुओं की कमी को लेकर आंदोलन होगा।

## खबर संक्षेप



### कच्छ गुर्जर क्षत्रिय मिस्त्री समाज के कारीगरों की रही महत्वपूर्ण भूमिका

**रायपुर।** तमिलनाडु के रामेश्वरम में स्थित नया पंबन रेलब्रिज भारत का पहला वर्टिकल-लिफ्ट (उर्ध्वाधर-उठाने वाला) रेलवे समुद्री पुल है। यह 2.08 किलोमीटर लंबा पुल मुख्य भूमि (मंडपम) को रामेश्वरम द्वीप से जोड़ता है, जो 110 साल पुराने ऐतिहासिक पुल की जगह बना है। इस संबंध में कच्छ गुर्जर क्षत्रिय मिस्त्री समाज स्टेशन रोड के लोगों ने बताया कि कच्छ गुर्जर क्षत्रिय (मिस्त्री) समाज के कारीगरों और ठेकेदारों ने 1914 में निर्मित ऐतिहासिक पंबन रेलवे पुल के निर्माण में अमिट और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस समुदाय के कुशल शिल्पकारों ने समुद्र की विपरीत परिस्थितियों में इस विशाल परियोजना को धरातल पर उतारा। पुल का निर्माण ब्रिटिश सरकार द्वारा गुजरात के कच्छ जिले से आए प्रतिष्ठित मिस्त्री (कड़िया) क्षत्रिय परिवारों को सौंपा गया था। इनमें मुख्य रूप से करोजी कुट्ज, मिस्त्री मंझी दया वेगाड, लाखू देवजी वेगाड, वरजांग हिरजी और गंजी नारायण जैसे ठेकेदार और शिल्पी शामिल थे। इस आधार पर हम मिस्त्री कहलाने वाले लोग है, पहले जो भी रामेश्वरम गए होंगे, कच्छ गुर्जर मिस्त्री समाज के कारीगर द्वारा निर्मित ब्रिज से दर्शन करने जा सकेंगे।

### युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों को नहीं मिला न्याय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में शिक्षक युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया मई 2026 की स्थिति में भी गंभीर विवादों और शिक्षकों के भारी असंतोष के केंद्र में बनी हुई है। नई पदस्थापना पर ज्वाइन नहीं करने वाले 176 से अधिक शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है और कई अन्य लोगों का वेतन रोक दिया गया है। युक्तियुक्तकरण के आदेशों के तहत नई पदस्थापना पर ज्वाइन न करने वाले कई शिक्षकों को निलंबित किया गया है, जबकि कई शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया है। युक्तियुक्तकरण से प्रताड़ित शिक्षक, जो अबतक ज्वाइनिंग नहीं दिए, उच्च न्यायालय बिलासपुर के समक्ष 3 से 4 बार याचिका प्रस्तुत कर चुके हैं। इसके बाद भी आज तक किसी भी शिक्षक को समक्ष बुलाकर सुनवाई नहीं की गई है। शिक्षक संगठन इस पूरी प्रक्रिया को तत्काल निरस्त करने और 2008 के सेटअप के अनुसार न्यायसंगत नीति अपनाने की मांग राज्य सरकार से कर रहे हैं।

### डाक अदालत 20 मई को, सुलझेंगी समस्याएं

**रायपुर।** प्रवर अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग रायपुर द्वारा स्टेशन रोड स्थित रायपुर गंज उपडाकघर परिसर के कार्यालय में 20 मई को डाक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों पर प्रत्यक्ष परिचर्चा करके उनका समाधान करने के लिए किया जाएगा। 'डाक अदालत' सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक लगाई जाएगी। डाक सेवाओं से संबधित समस्त शिकायतें जैसे डाक वस्तुओं का वितरण, काउंटर सेवाएं, लघुबचत योजनाएं (आरडी, बचत बैंक, बचत पत्र इत्यादि) रजिस्ट्री, मनीआर्डर, वीपीपी पार्सल, एक्सप्रेस पार्सल, स्पीड पोस्ट, मनीआर्डर, डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा से संबंधित शिकायतों का समाधान डाक अदालत में किया जाएगा।

## चुनाव खत्म होने के बाद जनता को ज्ञान दे रहे प्रधानमंत्री

# महंगाई और ईंधन संकट पर बोले डहरिया-मोदी से देश संभल नहीं रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक एवं पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी चुनाव के दौरान देश में पेट्रोल-डीजल और गैस की कोई कमी नहीं होने की बात कह रहे थे। चुनाव खत्म होने के बाद वे जनता को ज्ञान दे रहे हैं कि पेट्रोल-डीजल को उपयोग कम करें। किसानों को सलाह दे रहे हैं कि खेती में उर्वरक का उपयोग कम करें। साथ ही वे कह रहे हैं वर्क फार्म होम करिए। वहीं राज्य सरकार ने यहां पेट्रोल-डीजल का कृत्रिम संकट पैदा कर लोगों को लाइन में लगा दिया है। ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री देश को संभाल नहीं पा रहे हैं। वहीं विष्णुदेव साय प्रदेश को नहीं संभाल पा रहे हैं।

कांग्रेस भवन में महंगाई और पेट्रोल- डीजल गैस की किल्लत के कारण पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल लेकर संवाददाताओं से चर्चा में डॉ. डहरिया ने कहा, अगर किसान खेती में उर्वरक का कम उपयोग करेगा, उसकी उपज कैसे बढ़ेगी। जब से प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है सोसायटियों से किसानों को खाद बहुत कम मिल रहा हैं। साथ ही उन्होंने कहा, मोदी नागरिकों को काम नही करने का सलाह दे रहें हैं, वर्क फार्म होम करिए काम में मत जाइए, उनके इस सलाह से फिल्ड में काम करने वाले, गली कुचे में घूमकर समान बेचने वाले फेरी लगाने वाले क्या करेंगे? ऐसे में देश आर्थिक पतन की ओर अग्रसर हो जायेगा। उन्होंने कहा एक साल तक सोना नहीं खरीदने की सलाह देकर वे अडानी-अंबानी को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। शहर अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन ने कहा, महंगाई बढ़ने से रसोई का बजट ऐसे ही बिगड़ गया है। अब प्रधानमंत्री खाद्य तेल का कम उपयोग की सलाह दे रहे हैं। कमीतों में नियंत्रण करने के बजाय जनता को महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है।




### महंगाई पर नियंत्रण की मांग

*जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र "पप्पू" बंजारे ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, 2014 में भाजपा ने महंगाई कम करने और पेट्रोल-डीजल सस्ता करने का वादा किया था, लेकिन आज आम जनता महंगाई की मार से परेशान है। जब कांग्रेस की सरकार थी तब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत अधिक होने के बावजूद जनता को राहत देने का प्रयास किया जाता था, जबकि आज कच्चे तेल की कीमत कम होने पर भी पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाए गए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से पेट्रोल-डीजल एवं गैस के दाम कम करने, महंगाई पर नियंत्रण करने की मांग की। अगर इसे नजरअंदाज किया गया तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन जारी रखेगी।*

### महंगाई की मार और पेट्रोल संकट से जनता बेहाल, सरकार प्रचार में मशगूल-अर्जुमन





पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि और प्रदेशभर में पेट्रोलियम पदार्थों की कमी के कारण पेट्रोल पंपों में लग रही लंबी कतारों के विरोध में शनिवार को रायपुर के पूर्व महापौर एजाज़ ढेबर एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व पार्षद अर्जुमन ढेबर के नेतृत्व में कालीबाड़ी पेट्रोल पंप के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जनता को राहत देने की मांग की। पूर्व महापौर एजाज़ ढेबर ने कहा, एक ओर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद केंद्र सरकार टैक्स कम करने को तैयार नहीं है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने में भी सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा, जनता घंटों लाइन में खड़ी रहने को मजबूर है, लेकिन सरकार के मंत्री और जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ बयानबाजी में व्यस्त हैं।

**सरकार हर मोर्चे पर विफल :** ढेबर ने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों और कमजोर प्रबंधन का खामियाजा आम नागरिक, व्यापारी, किसान और परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोग भुगत रहे हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर रोजमर्रा की वस्तुओं पर पड़ रहा है, जिससे महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है और जनता अब जवाब मांग रही है।

## मानसून पूर्व मेंटेनेंस के लिए प्रदेश में रोज कई फीडरों की बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



प्रदेश में मई की भरी गर्मी में शहर से लेकर गांवों तक घंटों बिजली गुल हो रही है। इसके पीछे का कारण यह है कि छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मानसून के लिए फीडरों का मेंटेनेंस कर रही है। प्रदेश में 55 सौ फीडर है। रोज 50 से 100 फीडरों में मेंटेनेंस का काम किया जा रहा है। ऐसे में रोज चार से छह घंटों तक बिजली बंद करनी पड़ रही है। मेंटेनेंस का यह काम 15 जून तक चलेगा। पॉवर कंपनी जहां गर्मी के लिए फरवरी से मार्च के बीच फीडरों का मेंटेनेंस करती है, वहीं मानसून के लिए मई और जून में मेंटेनेंस किया जाता है। इसके अलावा बीच में और भी कई कारणों से मेंटेनेंस के लिए बिजली बंद की जाती है। गर्मी में बिजली बंद होने से उपभोक्ता परेशानी में हैं। बिजली बंद को उपभोक्ता कटौती मान रहे हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के पास बिजली की कोई कमी नहीं है। भले अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट होता है और गर्मी में इस बार भी खपत सात हजार मेगावाट के पार गई है, लेकिन इसकी पूर्ति करने के लिए पॉवर कंपनी सेंट्रल सेक्टर से चार से पांच हजार मेगावाट से ज्यादा बिजली लेती है। इसके बाद भी शहर से लेकर गांवों तक इन दिनों लगातार रोज चार से छह घंटों तक बिजली बंद होने पर यह कहा जा रहा है कि कटौती हो रही है। हालांकि पॉवर कंपनी के अधिकारियों को कटौती कहने से आपत्ति भी है। उनका कहना है कि मानसून के लिए फीडरों का मेंटेनेंस किया जा रहा है और इसके लिए जहां अखबारों में कुछ दिन पहले ही सूचना दी जाती है, वहीं उपभोक्ताओं के मोबाइल पर भी मैसेज भेजा जाता है।

### करीब डेढ़ माह लगते हैं मेंटेनेंस में

प्रदेश में 55 सौ फीडर हैं। इनका मेंटेनेंस करने के लिए करीब डेढ़ माह का समय लग जाता है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक रोज सौ से ज्यादा फीडरों में मेंटेनेंस का काम करना ही पड़ता है, तब जाकर गर्मी या फिर मानसून में बिजली व्यवस्था ठीक रहती है। हालांकि पॉवर कंपनी के अधिकारी इस बात से भी इनकार नहीं करते हैं कि मेंटेनेंस करने के बाद भी खराबी नहीं आएगी इसकी कोई गारंटी नहीं है, क्योंकि कभी आंधी-तूफान या फिर अन्य किसी कारण से भी खराबी आ जाती है तो उसके लिए कुछ नहीं किया जा सकता है। लेकिन गर्मी और मानसून से पहले यह तैयारी जरूरी रहती है कि फीडर सही काम करें और परेशानी न हो। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि मानसून से पहले मेंटेनेंस जरूरी रहता है, इसलिए मई और जून में मेंटेनेंस करना मजबूरी है, क्योंकि हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। 15 जून से पहले अगर मेंटेनेंस नहीं होता तो ज्यादा परेशानी हो सकती है।

# कम वजन करके दाम बढ़ाने का खेल इसलिए महंगे हो गए खाद्य तेल

## सिंडीकेट बनाकर मुनाफाखोरी का जमकर चल रहा है खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ईरान-अमेरिका, इजरायल युद्ध के मौके का पूरा फायदा उठाने का काम चल रहा है। किराना के सामान में भी सिंडीकेट बनाकर दाम बढ़ाने का खेल किया जा रहा है। अब तो एक लीटर के स्थान पर कंपनियां अपनी मर्जी से वजन कम करके खाद्य तेलों के दाम ज्यादा वसूल रही हैं। इसका फायदा छोटे से लेकर बड़े कारोबारी भी उठा रहे हैं। सोया और राइस ब्रान तेलों के दाम 30 रुपए तक बढ़ा दिए गए हैं।

- सोया और राइस ब्रान तेलों के 30 रुपए बढ़े दाम

लंबे समय से महंगाई थमने का नाम नहीं ले रही है। कभी कोई सामान तो कभी कोई सामान महंगा हो जाता है। कई बार दाम बढ़ने के पीछे कारण भी रहता है, लेकिन ज्यादातर मौकों पर सिंडीकेट बनाकर ही दाम बढ़ाने का काम किया जाता है। खाद्य तेलों में लंबे समय से राहत थी, लेकिन अब इसके दाम भी बढ़ गए हैं। इसके पीछे का कारण भले युद्ध को बताया जा रहा है, लेकिन इसके दाम में लगातार खेल हो रहा है।



### कम वजन में ऐसा खेल

खाद्य तेलों में पहले सभी कंपनियों के एक लीटर के ही पैक आते थे, लेकिन सरकार से छूट मिलने के बाद इसके पैक अब अलग-अलग कंपनियां अपनी मर्जी से कर रही हैं तो इसमें कीमत का खेल हो रहा है। कम वजन के कारण दाम ज्यादा देने पड़ रहे हैं। एक तो दाम पहले ही ज्यादा वसूले जा रहे हैं। एक उदाहरण हरेली तेल का ही लेते हैं। इस तेल के दाम हमेशा कीर्ति गोल्ड के सोया तेल से कम से कम पांच रुपए कम रहते हैं, लेकिन अब इसके दाम उससे ज्यादा हो गए हैं। इसके पीछे वजन का खेल है। हरेली ने अब एक लीटर का पैक ही बंद कर दिया है। अब 730 ग्राम यानी 800 एमएल का पैक लाया गया है। इसके चिल्हर में दाम 130 रुपए हैं। यानी एक लीटर के दाम हो गए 162.50 रुपए। इतने दाम तो कीर्ति गोल्ड के भी नहीं है। कीर्ति गोल्ड एक लीटर का इस समय चिल्हर में 155 से 160 रुपए बिक रहा है।

ज्यादातर कंपनियों ने अपने एक लीटर के पैक को कम वजन का कर दिया है तो उसके दाम बढ़ गए हैं। सोया का फार्च्यून 840 एमएल का आ रहा है। इसके दाम थोक में 140 रुपए और चिल्हर में 150 रुपए है। इसके एक लीटर के दाम का हिसाब किया जाए तो यह 175 रुपए का पड़ रहा है। सनफ्लावर का 800 एमएल का पैक थोक में 163 और चिल्हर में 170 रुपए का मिल रहा है। यानी इसका एक लीटर का पैक 212.50 रुपए का पड़ेगा। यह तेल तो फल्ली तेल से भी महंगा हो गया है। फल्ली तेल इस समय चिल्हर मे 190 रुपए में मिल रहा है। युद्ध के पहले जिन तेलों के दाम चिल्हर में 128 से 130 रुपए थे, उनके दाम आज चिल्हर में 160 रुपए हो गए हैं। हरेली तेल जहां 162.50 रुपए हो गया है, वहीं कीर्ति गोल्ड के दाम भी 160 रुपए हो गए हैं।

# शासकीय जमीन पर कब्जा कर सालों से खेती सीमांकन के बाद 20 एकड़ से अधिक खाली कराई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





राजधानी रायपुर से 40 किलोमीटर दूर खरोरा तहसील अंतर्गत ग्राम फरहदा में रसूखदारों द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर कई वर्षों से धान की खेती करने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत द्वारा की गई शिकायत के बाद राजस्व विभाग ने इस मामले में जांच करते हुए जमीन का सीमांकन कराया गया। इस सीमांकन के दौरान अब तक 20 एकड़ से अधिक शासकीय जमीन पर कब्जा पाया गया है, जिसे ग्राम पंचायत के माध्यम से कब्जा मुक्त कराया गया।

### 60 एकड़ से अधिक शासकीय भूमि पर कब्जा

फरहदा गांव के सरपंच संजय साहू, पंच आनंद साहू सहित अन्य पंचों ने बताया कि उनके गांव में वर्षों पूर्व चारागाह से लेकर खेल मैदान, तालाब, श्मशान घाट सहित अन्य विकास कार्य के लिए लगभग 60 एकड़ भूमि आरक्षित की गई। इस भूमि का ऑनलाइन रिकॉर्ड भी है। इसके बाद भी इस भूमि पर कुछ रसूखदारों द्वारा कब्जा कर धान की खेती की जा रही है। इस तरह शासकीय भूमि पर धान की खेती कर कई लोग लाखों, करोड़ों रुपए की कमाई कर चुके हैं। इस भूमि पर कब्जा को लेकर तहसील कार्यालय में ग्राम पंचायत ने लिखित शिकायत दर्ज कराई। इसके आधार पर अब भूमि की जांच कराई जा रही है। इस जांच में सबसे पहले भूमि का सीमांकन किया जा रहा है। इस सीमांकन में लगभग 20 एकड़ भूमि शासकीय साबित हो चुकी है। सीमांकन के बाद ग्राम पंचायत अब अपने स्तर पर ही कब्जा भूमि को मुक्त कराने अभियान चला रही है। इसके तहत जेसीबी मशीन से खेत की मिट्टी खोदी जा रही है, ताकि रसूखदार दोबारा इस भूमि पर खेती नहीं कर सकें। इधर इस मामले में तहसीलदार मंडाई ने बताया कि ग्राम पंचायत की शिकायत पर भूमि का सीमांकन किया जा रहा है। इसके तहत अब तक 20 एकड़ से अधिक भूमि शासकीय पाई गई है। सीमांकन का काम अभी जारी है।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी भंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक की वर्तमान कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा ने अपने आदेश में बताया कि छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस को और अधिक मजबूत, सक्रिय और प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से संगठनात्मक पुनर्गठन प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। इस कड़ी में नई कार्यकारिणी के गठन से पहले प्रदेश, जिला, ब्लॉक एवं बूथ स्तर की वर्तमान कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग किया गया है। उन्होंने बताया कि संगठन में सक्रियता, सदस्यता अभियान में योगदान, जनसंपर्क, संघर्षशील भूमिका एवं संगठन के प्रति समर्पण को आधार बनाकर जल्द ही छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणियों का गठन किया जाएगा।



राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा ने जारी किया आदेश

# प्रगतिशील यादव महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- 1 अप्रैल से अब तक बने 30 नए सदस्यों का तिलक लगाकर किया स्वागत

प्रगतिशील यादव महासंघ द्वारा सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में शुक्रवार को शपथ ग्रहध समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शपथ ग्रहण अधिकारी राममणि यादव ने महासंघ के विभिन्न पदाधिकारियो को शपथ दिलाते हुए श्रीकृष्ण भगवान के गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली और ग्वाल-बाल की लाठियों के साथ उठाने के प्रसंग का उद्बोधन करते हुए संगठन की एकता का महत्व बताया। साथ ही 1 अप्रैल से अब तक बने 30 नए सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।



इस मौके पर मुख्य अतिथि बिल्डर्स विजय यादव ने जोरा स्थित प्रस्तावित यादव वीर अहीर सदन के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की तथा आश्वस्त किया कि सुपरविजन निशुल्क रहेगा। इसी दौरान रविंद्र सिंह दत्ता, डॉयरेक्टर होटल मेहराब इन की ग्यारह हजार रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा ने आनंद उत्सव को दोगुना कर दिया। महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम में मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर डा. केपी यादव, श्रीकांत यादव, हैप्पीनेस कोच शीलू शर्मा, मधु निरंजन यादव, रमी यादव, मिथिलेश्वर यादव, मुकेश यादव, आयुष राजेश यादव आदि शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### हर मोर्चे पर विफल रही मोदी सरकार

**भाटापारा।** पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर जनता जनार्दन सहित किसानों के हितार्थ कार्य करने में पूरी तरह असफल होने का आरोप लगाया और प्रधानमंत्री से तत्काल अपने पद से त्यागपत्र देने की मांग की और कहा कि केंद्र में सत्तासीन भाजपा सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी की सरकार देश में रासायनिक उर्वरकों की कमी, बढती महंगाई, पेट्रोल-डीजल, घरेलू गैस सिलेंडर, बेरोज़गारी, रेल



किराया, टोल टैक्स तथा अति आवश्यक दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी लगाने के कारण आम जन की आय और बचत दोनों ही प्रभावित हो रही है इसका सीधा असर किसान, मज़दूर,व्यापारी, कर्मचारी सहित आमजन पर देखा जा रहा है, मोदी सरकार रासायनिक उर्वरकों और तेल भंडारण की छमता बढाने में पूरी तरह विफल प्रतीत हो रही है जबकि सोनिया गांधी की अगुवाई में और तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व.मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए की सरकार ने किसानों और आमजन के हितार्थ विशाखापट्टनम, मांगलूरु और पाण्डुर में रासायनिक तेल भण्डारो का निर्माण किया था जबकि 12 वर्षों से सत्तासीन मोदी की सरकार ने देश में किसी भी स्थान पर एक भी रासायनिक तेल भंडार का निर्माण नहीं किया है।

### ग्रीन आर्मी की नारी शक्ति अब वर्क फ्रॉम होम से करेंगी पर्यावरण संरक्षण



**रायपुर।** ग्रीन आर्मी संस्था की नारी शक्ति की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे के नेतृत्व में हुई। इस दौरान विभिन्न वार्डों से लगभग 25 से 30 महिला शक्ति की सक्रिय उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण के कार्यों से जोड़ते हुए "वर्क फ्रॉम होम" प्रणाली के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने हेतु प्रशिक्षित करना रहा। बैठक के दौरान सभी महिला सदस्यों को ऑनलाइन जूम मीटिंग की कार्यप्रणाली, डिजिटल माध्यम से जनसंपर्क तथा डीजल-पेट्रोल की बचत करते हुए पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को प्रभावी रूप से संचालित करने संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए।

### दंतेवाड़ा जिला अस्पताल को मिला एनक्यूएएस

**रायपुर।** दंतेवाड़ा जिला चिकित्सालय को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय और जिला प्रशासन के नेतृत्व में जिले के स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। जिला चिकित्सालय द्वारा बताया गया कि केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम द्वारा अस्पताल का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार पलारी**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. अ/21 वर्ष 2025-26
पक्षकार मुनीराम पिता घसिया जाति गोड
साकिन दतान प प.ह.नं. 23
रा.नि.मं. व तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्रं. 202604210100014 के आवेदक मुनीराम पिता घसिया जाति गोड साकिन दतान प तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम दतान प प.ह.नं. 23 स्थित भूमि ख.नं 854/5 रकबा 0.162 हेक्टेयर भूमि को अनावेदिका प्रभा पति रेणुका प्रसाद जाति कुर्मी साकिन दतान प तहसील पलारी को आपसी सौदा 4,44,000/- रूपये अक्षरी चार लाख चौवालीस हजार प्रति एकड़ की दर से भूमि विक्रय करने का सौदा किया है, तथा बयाना राशि 3,20,000/- रूपये अक्षरी तीन लाख बीस हजार रूपये प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत आवेदन पत्र, बी-1, नक्शा खसरा, खसरा पंचशाला, इकरारनामा की प्रति संलग्न किया है। जो इस न्यायालय में विचारधिन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 18/05/2026 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात कोई दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। आज दिनांक 29/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार
पलारी

## विरोध : पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

# जिले में पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, केंद्र सरकार पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



देश में लगातार बढ़ती पेट्रोल-डीजल की कीमतों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मंगलवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता आम जनता के बीच पहुंचकर केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ मुखर हुए और महंगाई के मुद्दे पर अपनी नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि से आम नागरिकों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसका सीधा असर परिवहन व्यवस्था और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है, जिससे महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर, व्यापारी, मध्यम वर्ग एवं गरीब परिवार इस महँगाई की मार से सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं और उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार आम जनता की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में महंगाई पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हितों की आवाज उठाती रही है और आगे भी जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने मांग की कि केंद्र सरकार पेट्रोल-डीजल की बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस ले और आम जनता को राहत देने के लिए प्रभावी कदम उठाए।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष परमेश्वर यदु, कोषाध्यक्ष हेमचंद केशरवानी, शहर अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू, तुलसी वर्मा, महामंत्री सुनील साहू, कोषाध्यक्ष गेवेंद्र साहू, लखेश साहू, आर्यन शुक्ला, महामंत्री नीरज बांधे, जितेन्द्र नवरत्न, महामंत्री देवेंद्र बंजारे, गणेश शंकर साहू, परमेस्वरी साहू, समीर अग्रवाल, सुखदेव साहू, यशवंत वर्मा, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी साहू, प्रेमलता बंजारे, डिगेश्वरी नामदेव, राजेश साहू, अरुण कन्नौजे, भावेश वर्मा, तापलाल वर्मा, प्रीतम वर्मा, दीनदयाल साहू, गोलू साहू, रविंद्र नामदेव, मनोज ठाकुर, छल्ला साहू, पवनदास मानिकपुरी, गोल्डी माररईया, सूर्यकान्त वर्मा, यशवंत वर्मा, विशंभर धृतलहरे, महामंत्री मोहन साहू सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## सुहेला में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, पेट्रोल संकट और बढ़ती कीमतों को लेकर धरना



**सुहेला।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला के तत्वावधान में अध्यक्ष भानुप्रताप वर्मा के नेतृत्व एवं कांग्रेस संगठन के आह्वान पर सोमवार को सुहेला में नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे उपस्थित रहीं। वहीं पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भुवनेश्वर वर्मा सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसजन मंचासीन रहे। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा आगामी राजनीतिक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता की आवाज उठाने का कार्य करती रही है और आम लोगों की समस्याओं को लेकर संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।इस दौरान पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों एवं क्षेत्र में पेट्रोल की किल्लत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुहेला स्थित पेट्रोल पंप के सामने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए क्षेत्र में पर्याप्त पेट्रोल उपलब्ध कराने एवं बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल पंपों में आए दिन पेट्रोल की कमी होने से किसानों, वाहन चालकों एवं आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व विधायक जनकराम वर्मा एवं शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि बढ़ती महंगाई और ईंधन संकट से जनता त्रस्त है तथा सरकार आम लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनहीन बनी हुई है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भानुप्रताप वर्मा ने कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस सड़क से लेकर प्रशासनिक स्तर तक आंदोलन तेज करेगी। कार्यक्रम का संचालन पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भुवनेश्वर वर्मा ने किया। इस अवसर पर बसंत आडिल सुरेंद्र सिंह ठाकुर, रेवा राम साहू, निरंजन वर्मा, संतोष चंद्राकर, डॉ. फारूकी, अंजलि भारती, गजेंद्र वर्मा, पारस निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गरीब और वंचितों की बुलंद आवाज है संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा



■ भीम क्रांतिवीर छत्तीसगढ़ की जिला स्तरीय बैठक

रविवार को भीम क्रांतिवीर छत्तीसगढ़ का जिला स्तरीय बैठक सतनाम भवन लवन में रखा गया था जिसमें मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के तौर पर भीम क्रांतिवीर छत्तीसगढ़ के पूर्व जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार मनीष घृतलहरे व विशिष्ट अतिथि गोपी बंदे प्रदेशाध्यक्ष छात्रसंघ, ढालैन्द यादव प्रदेश उपाध्याक्ष, जिला उपाध्यक्ष संदीप कोसले, युवाओं को कैडर देने मौजूद थे जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लवन ब्लॉक अध्यक्ष नीलकुमार व टीम द्वारा मुख्य अतिथि मनीष घृतलहरे जी को सह सम्मान नीला गमछा (क्रांति का प्रतीक) / गुलदस्ता देकर सम्मानित किया उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनीष घृतलहरे ने बताया कि भीम क्रांतिवीर छत्तीसगढ़ गरीब शोषित पीड़ित वंचित लोगों की आवाज है, भीम क्रांतिवीर छत्तीसगढ़ संगठन जो छत्तीसगढ़ मे एक नई क्रांति के तौर पर उठी है जो गरीब शोषित पीड़ित लोगो की दुख दर्द को दूर करने का तथा उनके साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ बुलंद आवाज़ उठाने का कार्य करती है और न्याय दिलाती है।

### बैंठक की चर्चाएं

लवन ब्लॉक के प्रत्येक गांवों में सामाजिक न्याय यात्रा निकालने पर चर्चा किया गया जिसमें ,ढाबाडीह, तिल्दा, डोगरीडीह, बरदा, जुड़ा, कारी, ढनढनी, पनगांव, परसाडीह, सरखोर, कोरदा आदि प्रमुख ग्राम शामिल हैं तथा साथ ही साथ जिला व ब्लॉक टीम में नया गठन किया गया जिसमें मुख्य रुप से संदीप कोसले (प्रदेश उपाध्यक्ष), नीलकुमार बंजारे (नवनियुक्त जिलाध्यक्ष - बलौदाबाजार), लोकेश बांधे (पलारी ब्लॉक अध्यक्ष) सुरज कोसले ( लवन ब्लॉक अध्यक्ष), नियुक्ति प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शामिल रहे गोपी बंदे, संदीप कोसले, मनीष घृतलहरे, ढ़लेन्द्र यादव, नील कुमार बंजारे, लोकेश बांधे, गुरुचरण, सूरज कोसले, डेविड कुमार, सूर्यकांत, अमन रात्रे, मनीष कोसले, हर्ष कुमार, सनम रात्रे, अर्जुन, बलिराम, महेश्वर, उज्जैन जोशी, लव कुमार,मौलेश, भुनेश्वर, मयंक, धनेशवर, राजेश, निहाल चेलक व और भी बढ़ी संख्या में भीम क्रांतिवीर छत्तीसगढ़ के साथी मौजूद थे।

# माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया, चुप्पी तोड़ना जरूरी : डॉ. वर्णिका शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

### स्काउट्स एवं गाइड्स हमेशा से सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों में अग्रणी

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इंद्रजीत सिंह खालसा ने कहा कि यूनिसेफ के सहयोग से शुरू किया गया यह अभियान किशोर स्वास्थ्य एवं जागरूकता के क्षेत्र में प्रभावी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स हमेशा सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं और यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले से जिला संगठन आयुक्त ( गाइड ) धात्री नायक, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) मीना जांगड़े एवं (गाइड कैप्टन) पार्वती वैष्णव ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम के दौरान मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा, जागरूकता अभियान संचालन एवं समुदाय स्तर पर संवाद स्थापित करने जैसे विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

यूनिसेफ एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के अंतर्गत पीरियडस पर खुलकर "तारुण्य वार्ता अभियान के साथ दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम रायपुर स्थित बालाजी विद्या मंदिर में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सारंगढ़ बिलाईगढ़ सहित राज्य के सभी जिलों के भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्त एवं लीडर्स शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं के बीच मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाना, सामाजिक संकोच को दूर करना तथा सुरक्षित एवं सम्मानजनक माहवारी प्रबंधन के प्रति सकारात्मक संवाद स्थापित करना है। प्रशिक्षण के माध्यम से मास्टर ट्रेनर्स को विभिन्न जिलों में जागरूकता अभियान संचालित करने के लिए तैयार किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिस पर चुप्पी नहीं बल्कि खुलकर संवाद और जागरूकता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बेटी को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सम्मानजनक माहवारी प्रबंधन का अधिकार मिलना चाहिए। साथ ही उन्होंने यूनिसेफ और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा प्रारंभ किए गए इस अभियान की सराहना करते हुए इसे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## पेज 9 के शेष

### शराब दुकान में ..

उन्हें जबरन दुकान के अंदर एक कमरे में ले जाकर बाहर से ताला लगा दिया। आरोप है कि इसके बाद युवकों की लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई की गई। जब घटना की जानकारी परिजनों को मिली तो वे मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों से युवकों को छोड़ने की अपील की, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद परिजनों ने कमरे का ताला तोड़कर अंदर बंद युवकों को बाहर निकाला। इस दौरान परिजनों के साथ भी मारपीट होने का आरोप लगाया गया है।

### पुलिस की कार्यप्रणाली...

ग्रामीणों पर दर्ज एफआईआर को तत्काल निरस्त किया जाए। वहीं, एसडीओपी कसडोल कौशल किशोर वासनिक ने बताया कि लवन थाना में ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। उन्होंने बताया कि शराब दुकान में हुई मारपीट और अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। पुलिस से संबंधित मामलों का समाधान किया जा रहा है, जबकि आबकारी विभाग से जुड़ी शिकायतों को संबंधित विभाग को प्रेषित कर दिया गया है।

### कांग्रेस ने पेट्रोल...

जेब पर पड़ रहा है। विधायक इंद्र साव ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश व प्रदेश में पेट्रोल-डीजल के संकट और लगातार बढ़ती कीमतों के आम जनता का जनता जीवन अत्यंत कठिन बना दिया है। विधायक ने प्रदेश के राज्यपाल से अनुरोध किया है कि जनता और किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल डीजल की बढ़ी हुई कीमतों को कम करने और पेट्रोल डीजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु राज्य शासन को आवश्यक दिशा निर्देश देने की कृपा करेंगे।

**ये हुए शामिल:** धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा,सतीश अग्रवाल,गणेश ध्रुव अजय ठाकुर चन्द्र शेखर चक्रधारी,चंद्रकांत खूंटे, देवनारायण बांधे, सत्यनारायण जोशी,अय्यूब बांठिया,ओमप्रकाश यदु,संजय बघेल शेषनारायण यदु,प्रमेंद्र तिवारी,उमाशंकर गुप्ता लक्ष्मी पांडे,दीपक वर्मा, राजेंद्र शर्मा,मनमोहन कुर्रे मोहन निषाद संतोष अग्रवाल सचिन्द शर्मा, शैलेन्द्र अहिरवार,राजेश जगवानी संजय टंडन विजय महिलांगे, कृष्णा टंडन,गिरीश पारप्याणी,अमर सिंह साहू, दिलीप साहू,कुंजू साहू,निर्मल कुर्रे,धनंजय कुर्रे,किशोर रोहरा,शशांक बंजारे,प्रमोद बागवानी, गिरिराज चावड़ा,सिफ्फ़न हुसैन सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### मोहितराम को वर्षों ...

उपस्थित थे। आवेदक मोहितराम की आवेदित भूमि खसरा नंबर 183 रकबा 0.615 का कब्जा अनावेदकगण एवं अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में शांतिपूर्ण तरीके से दिलाया गया। मौके पर जेसीबी के द्वारा मोहितराम की जमीन को चिन्हांकित कराया गया जिस पर अनावेदकगण को कोई आपति नहीं है। मौके पर पंचनामा तैयार किया गया।

### ज्ञान सीखने का ...

छुट्टियां मनोरंजन के साथ सीखने का भी माध्यम बनें। धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि छुट्टियां बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह समय केवल आराम का नहीं, बल्कि रिश्तों को समझने, परिवार से जुड़ने, परंपराओं को जानने और जीवन के व्यावहारिक पाठ सीखने का अवसर है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को छुट्टियों में रिश्तेदारों से जोड़ें, ताकि भारतीय संस्कृति की यह खूबसूरत विरासत आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रह सके।गर्मी की छुट्टियों में रिश्तों की यह मिठास, बचपन की यह चहक और संस्कारों की यह सीख वास्तव में भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



**खबर संक्षेप**

## भाजपा सरकार किसान विरोधी : युधिष्ठिर नायक



**गिधौरी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी सरकार बताया है, हमारे भारत देश को गांवों का देश कहा जाता है और गांव में किसान मजदूर निवास करते हैं, जहां हमारा छत्तीसगढ़ धान का कटोरा कहलाता है। इस छत्तीसगढ़ के किसानों को बीजेपी सरकार में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों में खरीब फसल की तैयारी शुरू हो गई है, सर्व प्रथम खेत की जुताई की जाती हैं, जहां डीज़ल की आवश्यकता पड़ती है, सरकार डीजल प्रदान करने में असफल साबित हो रही है।

## पेट्रोल, गैस एवं महंगाई की मार से आम जन त्रस्त

**सिमगा।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने का सीधा असर आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ रहा है। परिवहन महंगा होने से खाद्य सामग्री, सब्जी, दूध, गैस सहित दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय जनता से राहत देने के बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही लगातार कीमतों में वृद्धि की जा रही है।



इसका सबसे ज्यादा असर किसानों, मजदूरों, मध्यम वर्गीय परिवारों और छोटे व्यापारियों पर पड़ रहा है। किसानों को खेती-किसानी में उपयोग होने वाले डीजल के बढ़ते दामों से परेशानी हो रही है, वहीं छोटे व्यापारियों का परिवहन खर्च बढ़ने से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। लगातार बढ़ती महंगाई के कारण आम परिवारों का घर चलाना मुश्किल हो गया है। राशन, गैस, खाद्य तेल, दूध और सब्जियों के दाम पहले से ही बढ़े हुए हैं, ऊपर से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी ने लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। श्री भाटिया ने मांग की है कि केंद्र सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर नियंत्रण करे और आम जनता को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाए, ताकि लोगों को बढ़ती महंगाई से राहत मिल सके।

**निधन**

## चेतनलाल साहू



**पलारी।** पलारी के ग्राम हरिनभट्ठा के प्रतिष्ठित कृषक चेतनलाल साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जहां बड़ी संख्या में नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। वे जनक राम साहू के पुत्र, बाबूलाल साहू, प्रधान पाठक सोमनाथ साहू व रोशन साहू शिक्षक के भाई तथा हरीश, नीलम के पिता है।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर चला स्वास्थ्य केंद्रों में जागरूकता अभियान

### जांच करें, सफाई करें और ढकें थीम पर ज़ोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय डेंगू दिवस जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल में मनाया गया। इसके तहत समुदाय में डेंगू रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए गांव में परिचर्चा एवं बैठकों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।इसमें डेंगू से बचाव के लिए आसपास साफ-सफाई रखना लक्षण होने पर तत्काल अस्पताल में संपर्क करने ,मच्छरों को पनपने से रोकने जैसे बिंदुओं पर लोगों का ध्यान आकर्षित कराया गया।

प्रमुख रूप से जिले में चल रहे सुशासन तिहार अंतर्गत पलारी के ग्राम कुसमी में आयोजित शिविर में आए आम जनों को भी जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी के अनुसार 11 वें राष्ट्रीय डेंगू दिवस का थीम है- डेंगू नियंत्रण में सामुदायिक भागीदारी-जांच करें, सफाई करें और ढकें"। कार्यक्रम में जागरूकता के साथ-साथ स्रोत नियंत्रण में भी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने कार्य किया। जिले में 2025 में 9 एलिसा पॉजिटिव केस थे जो सभी पलायन से आये हुए लोगों में पाया गया था जबकि इस वर्ष अब तक दो एलिसा पॉजिटिव केस मिले हैं। यहाँ सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पताल में डेंगू के जांच की सुविधा उपलब्ध है।




### मानसून से पहले तैयारियों को मजबूत करना जरूरी

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. पंकज वर्मा ने बताया कि वर्षा ऋतु में डेंगू फैलने की संभावना रहती है। अतः संभावित प्रकोप के रोकथाम के लिए मानसून पूर्व सभी रोकथाम एवं नियंत्रण गतिविधियों को सुदृढ़ किया जाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से प्रति वर्ष 16 मई को "राष्ट्रीय डेंगू दिवस" के रूप में मनाया जाता है।

### ग्राम दुम्हानी जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ से चौकी गिरौदपुरी पुलिस ने पकड़ा

# शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला फरार आरोपी अनिल हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

नौकरी लगाने के नाम पर युवाओं से रकम लेकर धोखाधड़ी करने वाले एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अब तक चार आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आरोपियों ने युवाओं रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र देकर झांसे में लिया था।

**खास बातें**

- आरोपियों द्वारा रेलवे विभाग में नौकरी लगने के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र देकर युवाओं को लिया झांसे में
- मामले में अब तक 3 आरोपी गिरफ्तार



### आरोपी ने स्वीकार किया धोखाधड़ी करना

पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी एवं उसके मित्र का शासकीय विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर रुपए लेकर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में दोनों आरोपी को को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी नंदकुमार साहू निवासी ग्राम बरेली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके द्वारा छात्रावास अधीक्षक के पद पर जिला बस्तर के लिए आवेदन किया गया था। साथ ही उसके ग्राम के मित्र अजीत कुमार द्वारा पुलिस मुख्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर पद के लिए आवेदन किया गया था। इसी दौरान दिनांक 22.03.2024 को आरोपियों द्वारा प्रार्थी एवं उसके मित्र की नौकरी लगवा देने का लालच दिया गया एवं इसके लिए रुपए की मांग किया गया। तत्पश्चात आरोपियों द्वारा षडयंत्र पूर्वक प्रार्थी एवं अजीत कुमार का रेलवे विभाग में नौकरी लग गई है कहते हुए फर्जी नियुक्ति पत्र देकर कुल 4 लाख 90 हजार 500 रुपए लेकर धोखाधड़ी की गई। रिपोर्ट पर अपराध क्र. 281/2024 धारा 420, 467, 468, 471,120 बी, 34 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में पूर्व में न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत आरोपी नरेश मनहरे एवं हीरा दिवाकर को गिरफ्तार किया गया था। किंतु धोखाधड़ी की घटना को अंजाम देने वाले इस गिरोह के कुछ अपराधी अभी भी फरार थे। कि प्रकरण में पुलिस अधीक्षक ओ.पी.शर्मा के कुशल निर्देशन में चौकी गिरौदपुरी पुलिस द्वारा प्रकरण में फरार आरोपियों के छिपने के संभावित ठिकानों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। पुलिस की इन्हीं लगातार कोशिशों से पता चला की प्रकरण का एक फरार आरोपी अनिल भास्कर छुपते-छुपाते अपने गृह ग्राम आया हुआ है। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल ग्राम दुम्हानी में दबिश देते हुए आरोपी अनिल भास्कर उम्र 42 साल ग्राम दुम्हानी जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ को हिरासत में ले लिया।

## जनजातीय क्षेत्रों में पहुंचेगी शासन की सभी योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास विभाग द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 18 से 25 मई तक जिले में "जन भागीदारी–सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान पीएम- जनमन तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत गांवों में संचालित होगा।कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने अभियान हेतु सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं

- 18 से 25 मई तक चलेगा "जन भागीदारी– सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान

अभियान के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, पोषण और पेयजल जैसी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाएगा। अधिकारी गांवों में पहुंचकर जन सुनवाई करेंगे तथा "आदि सेवा केन्द्रों" में शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। अभियान में सिकल सेल और टीबी जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। डिजिटल मॉनिटरिंग के तहत प्रतिदिन फोटो, वीडियो और लाभार्थियों के बयान "आदि प्रसारण" पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, एनएसएस, एनसीसी और स्व-सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अभियान का समन्वय "सुशासन तिहार" और "जनजातीय गरिमा उत्सव" से भी किया जाएगा।

# सुहागिनों ने बरगद की पूजा कर मांगी पति की दीर्घायु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अंचल के खरोरा, केशला, तुलसी, मुरा, माठ, बुड़ेरा सहित आसपास की गावों में सुहागिन महिलाओं ने अटूट सौभाग्य और पति की लंबी आयु का प्रतीक वट सावित्री व्रत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और अपने वैवाहिक जीवन में सुख-शांति की कामना की। पूजा की विधि और परंपरा सुबह से ही वट वृक्षों के नीचे महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। व्रती महिलाओं ने वट वृक्ष को जल अर्पित कर उस पर कच्चा सूत लपेटते हुए सात बार



परिक्रमा की। महिलाओं ने वट वृक्ष में धागे बांधकर अपने पति के दीर्घायु होने का वरदान मांगा। पूजा के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को फल, भीगे चने और मिठाई का प्रसाद वितरण किया गया। सत्यवान सावित्री की कथा का श्रवण धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प और पातिव्रत्य धर्म से यमराज को पराजित कर अपने पति सत्यवान के प्राण वापस ले लिए थे।

इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए पूजा स्थल पर महिलाओं ने सत्यवान और सावित्री की कथा सुनी। इन महिलाओं ने रखा उपवास इस पावन अवसर पर मुख्य रूप से प्रतिभा राठौर, पार्वती देवांगन, पद्मिनी साहू, ममता देवांगन, दुलारी वर्मा सहित अनेक सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर सामूहिक रूप से पूजा संपन्न की। व्रती महिलाओं ने कही यह व्रत हमारे लिए अटूट श्रद्धा का प्रतीक है।

### महिलाओं ने की पति की दीर्घायु की कामना



**गिधौरी।** ग्राम गिरौदपुरी सहित आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को वट सावित्री पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। ग्रामीण महिलाओं ने विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। सुबह से ही महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे एकत्र होकर पूजा सामग्री के साथ भगवान विष्णु एवं माता सावित्री की आराधना की। महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांधा तथा व्रत कथा का श्रवण किया। इस दौरान महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति एवं पारिवारिक परंपराओं का प्रतीक है, जिसे सुहागिन महिलाएं अपने पति की मंगल कामना के लिए श्रद्धापूर्वक करती हैं।

### शनि जयंती मनाई गई

**खरोरा।** ज्येष्ठ अमावस्या के पावन अवसर पर शनिवार को पूरे खरोरा में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह के साथ श्री शनि जयंती महोत्सव मनाया गया। खरोरा के गांधी चौक में स्थित बालाजी दरबार में श्री शनिदेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर जय शनिदेव के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्री शनिदेव मंदिर में विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शनिदेव का विशेष पूजन-अर्चन, तेलाभिषेक एवं आरती संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने काला तिल, सरसों का तेल, उड़द और पुष्प अर्पित कर भगवान शनिदेव से सुख समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की।



## लक्ष्मी नारायण निषाद का आरक्षक पद पर चयन

**खरोरा।** क्षेत्र के ग्राम चकवे निवासी लक्ष्मी नारायण निषाद का चयन पुलिस आरक्षक (जी.डी.) पद पर हुआ है। उनकी इस सफलता से परिवार एवं पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लक्ष्मी नारायण निषाद ने अपनी प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा ग्राम चकवे में प्राप्त की, जबकि हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की पढ़ाई ग्राम कोसरंगी में पूरी की। उन्होंने ग्रामीण परिवेश में रहकर कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता हासिल की। उन्होंने पुलिस भर्ती की तैयारी के दौरान



फिजिकल प्रशिक्षण किसी कोचिंग संस्थान में नहीं बल्कि स्वयं ग्रामीण क्षेत्र के जय मां बंजारी धाम मैदान में नियमित अभ्यास कर किया। साथ ही लिखित परीक्षा की तैयारी भी मेहनत और लगन के साथ की। लक्ष्मी नारायण निषाद के पिता का नाम प्रहलाद सिंह निषाद एवं माता का नाम प्रमिला निषाद है। उनके छोटे भाई का नाम योगराज निषाद है। उनके परिवार में पत्नी दुर्गा निषाद, पुत्र निशांत कुमार निषाद एवं पुत्री सांवी निषाद हैं। ग्रामीण अंचल से निकलकर पुलिस विभाग में चयनित होने पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी।

## वैष्णव समाज की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष के लिए नाम प्रस्तावित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विगत दिनों श्री वैष्णव महासभा की जिला स्तरीय बैठक में के प्रदेश स्तरीय चुनाव हेतु जिला बलौदाबाजार इकाई की ओर से प्रत्याशियों के नाम का प्रस्ताव पारित किया गया जिसमे सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष पद हेतु वरिष्ठ समाजसेवी रामरंग वैष्णव बलौदाबाजार एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष पद हेतु लालबंधु वैष्णव का नाम प्रदेश स्तरीय चुनाव लड़ने हेतु प्रस्तावित किया गया।जिला अध्यक्ष ने बताया कि रामरंग वैष्णव सामाजिक कार्यों में सक्रिय एवं युवाओं में लोकप्रिय हैं। वहीं लालबंधु वैष्णव को वित्तीय प्रबंधन का लंबा अनुभव है। जिला इकाई को पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश नेतृत्व में इनके आने से समाज को नई दिशा मिलेगी।

बैठक में राकेश वैष्णव, संतोष वैष्णव, राजेश वैष्णव, अविनाश वैष्णव, मंडलेश्वर दिनेश वैष्णव, पन्ना वैष्णव, भाटापारा से छवि वैष्णव, बिहारी दास वैष्णव, सरपंच पुरुषोत्तम दास वैष्णव, अनमोल वैष्णव, अजय वैष्णव, राजू वैष्णव, खागेश वैष्णव खपरीडीह, पुरुषोत्तम दास वैष्णव बालोद, ओमकार वैष्णव, चंद्रकुमार वैष्णव, कृष्णदेव वैष्णव आदि उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 15,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

### जाल मिलने से कार्यक्षमता में होगी वृद्धि

# मछली पालन से संवर रही कोमल और भरत की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और जनकल्याण की नीतियों का असर अब ग्रामीण स्तर पर दिखने लगा है। पलारी ब्लॉक के ग्राम कुसमी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में क्षेत्र के मछली पालकों के लिए बेहद मददगार साबित हुआ। इस शिविर में मत्स्य पालन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कौड़िया निवासी अनुभवी मछली पालक कोमल प्रसाद फेकर और भरत लाल फेकर को नया जाल प्रदान किया गया।

- कुसमी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में मिला नया

पिछले 12 वर्षों से महामाया मत्स्य सहकारी समिति के माध्यम से 13 एकड़ के विशाल तालाब में मछली पालन कर रहे इन हितग्राहियों के लिए यह सरकारी मदद उनके रोजगार को और मजबूत करने वाली साबित होगी। नया जाल मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए मछली पालक कोमल प्रसाद और भरत लाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सहृदय आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि इतने बड़े तालाब में मछली पकड़ने के लिए अच्छे और मजबूत जाल की बहुत जरूरत थी, जो इस शिविर के माध्यम से आसानी से पूरी हो गई।



### आमदनी में होगा इजाफा

कोमल व भरज ने कहा कि मुख्यमंत्री की इस संवेदनशीलता और विभाग के सहयोग से अब वे पहले से कहीं ज्यादा अच्छे और बेहतर तरीके से मछली पालन का कार्य कर सकेंगे, जिससे न केवल उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी बल्कि उनकी आमदनी में भी इजाफा होगा। सरकार का यह प्रयास जमीनी स्तर पर रोजगार को बढ़ावा देने और पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

पाठक सूचना
कसडोल एवं आस-पास के क्षेत्रों में
हरिभूमि
समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ
ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार
के लिए संपर्क करें
संवाददाता : गणेश शंकर साहू
रूद्र न्यूज एजेंसी
पता : कसडोल
मो. 8959020002